Regarding issues pertaining to train services.-laid

श्री सतपाल ब्रह्मचारी **(सोनीपत) :** मेरे द्वारा जींद को खाटूश्याम से जोड़ने की मांग रेल मंत्रालय के सामने रखी गयी थी । जिस पर संज्ञान लेते हुए रेल मंत्रालय ने मदार से कुरुक्षेत्र के मध्य गाड़ी संख्या 09727/09728 का संचालन करवाया और मदार से रोहतक के मध्य गाड़ी संख्या 09639/09640 का संचालन करवाया, परन्तु इन ट्रेनों का संचालन एक सीमित समय के लिए किया गया, जिससे जनता में नाराज़गी है । इन दोनों ट्रेनों को पर्मानेंट किया जाना अत्यंत आवश्यक है । इसके अतिरिक्त, मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि रेलवे द्वारा श्री गंगानगर से जयपुर/अजमेर के मध्य जितनी भी ट्रेनों का संचालन करवाया जाता है, सभी वाया सीकर होता है । जींद-रोहतक रेवाड़ी-नारनौल रूट से कोई गाड़ी संचालित नहीं है । वर्तमान में रेलवे द्वारा जयपुर से श्री गंगानगर के मध्य 3 जोडी ट्रेनों का संचालन किया जाता है, जिनमे से दो दैनिक है और एक साप्ताहिक है । इसलिए माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मामले का संज्ञान लिया जाए और यात्रियों की सुविधा के लिए निम्न गाड़ियों का संचालन करवाया जाए: (1) खाटूश्याम जी मेला के ऊपर चलायी गयी गाड़ी संख्या 09727/09728 (मदार-रोहतक-मदार) और गाड़ी संख्या 09639/09640 (मदार रोहतक मदार) को स्थायी किया जाए । (2) श्री गंगानगर से जयपुर/अजमेर/मदार के मध्य वाया जीद-रोहतक-रेवाडी-नारनौल रींगस मार्ग से एक नयी रेलसेवा का संचालन करवाया जाए ।